शाहजहांपुर को देश मे सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिए की गई वोटिंग

शाहजहांपुर (विधान केसरी)। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की जानकारी एवं वोटिंग हेतु नगर निगम द्वारा 02 कैनोपी लगाकर लगभग 250 नागरिकों द्वारा प्रतिभाग कर नगर निगम, शाहजहॉपुर को देष में सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिये वोटिंग की गई। कार्यक्रम में मंत्री के साथ राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मंत्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, ददरौल विधायक मानवेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी महोदय इन्द्र विक्रम सिंह,मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा, नगर आयुक्त महोदय संतोश कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे, कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एव अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।